भोले नाथ की शादी है

आज, भोले नाथ की शादी है xll -ll
हो,,, नाथ की शादी है, मेरे वैद्य नाथ की शादी है,,,
आज, भोले नाथ की शादी है xll -ll
*नाचे कावड़िया, शिव रात्रि में, आए बाराती हैं,,,
आज, भोले नाथ की शादी है xll -ll

दूल्हे राजा है निराला। गले में नाग माला।
जटा से बहती गंगा। 'तन पे सोहे मृगशाला'।
*अंग में भस्म लगाए। क़र में त्रिशूल उठाए।
माथे पे चंदा सोहे। 'हाथ में डमरू सजाए'।
*हो,,, शिव शंकर की, बैल सवारी, मन को लुभाती है,,,
आज, भोले नाथ की शादी है xll -ll

ब्रह्मा विष्णु हैं आए। संग देवों को लाए।
स्वर्ग धरती पे आया। 'भक्तजन झूमे गाएं'।
*साँप बिच्छू भी आए। नाच बेताल दिखाए।
भोले की लीला न्यारी। 'भूत प्रेतों को लाए'।
*हो,,, शिव के बाराती, अज़ब अनोखी घोड़े हाथी हैं,
आज, भोले नाथ की शादी है xll -ll

गौरी मईया है दुल्हनियाँ, सजी देव घर की गलियाँ,
बाजे ढोल मजीरा बाबा धाम में,
("बोलो बम बम xll")
*हाथ वर माला ले के, गौरी मईया शर्माए,
'माला भोले बाबा के, गले में डाल के*'।
*हो,,, पुष्पों की वर्षा होने लगी, जग खुशियाँ मनाती है,,,
आज, भोले नाथ की शादी है xll -ll

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24356/title/bhole-naath-ki-shaadi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |